### सांसद ने अधिकारियों के विरुद्ध लाया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

# पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला को बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी आलोक प्रियदर्शी, संबंधित सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार एवं अन्य दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन चलाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को इस बात से अवगत कराया है कि उनके आवासीय कार्यालय में आकर पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार करने एवं आरोप लगाने से मेरी छवि धूमिल हुई है। मेरे मान सम्मान को ठेस पहुंची है और मेरे विशेषाधिकार का हनन हुआ है। उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारियों के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का मामला चलाने की जरूरत है ताकि संसद की गरिमा बची रहे। उन्होंने कहा कि यह मामला तीन सितंबर को संध्या 7:30 बजे का है। सर्किल इंस्पेक्टर सिविल यूनिफॉर्म में अपने पुलिस जवान के साथ मेरे डी -4 सेंट्रल कॉलोनी पोस्ट मकोली के आवासीय कार्यालय पर तीन गाड़ियों से आए। जिसमें 12 से 15 पुलिस थे। इसमें से 8 पुलिस घर के अंदर आकर वहां मौजूद दीपक कुमार महतो, रसोईया सुरेंद्र, पप्पू सिंह व कार्यकताओं से पूछताछ करने लगे। इन लोगों ने जब पुलिस से सर्च वारंट मांगी गई तो पुलिस द्वारा कोई सर्च वारंट नहीं दिया गया और ना ही कोई परिचय दिया गया। सबों से आधार कार्ड मांगा गया। मैं कहां हूं इसकी जानकारी पुलिस द्वारा मांगी गई। साथ ही आवास में पुलिस द्वारा पैसा रखने का आरोप लगाया गया। आज खाली करने को कहा गया। मौजूद लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया है।

### जुडको ने एजेंसियों को दिया निर्देश, दो माह में सड़कें दुरुस्त करें

**रांची।** जुड़को ने पाइप लाइन बिछाने का काम कर रही एजेंसियों को सख्त हिदायत दी है। जुडको के परियोजना निदेशक गोपालजी ने कहा है कि दो महीने के भीतर जहां- जहां भी पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी जा रही है, उसकी गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत करायी जाये। परियोजना के तकनीकी निदेशक कक्ष में जुडको के उच्चाधिकारियों, एजेंसियों एवं परामर्शी के साथ सोमवार को हुई बैठक में ये निर्देश दिये गये। परियोजना के तकनीकी निदेशक ने कहा कि सड़क रिस्टोरेशन में एजेंसियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही की शिकायतें मिल रही हैं। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अब कोई बहाना नहीं चलेगा। हर हाल में सड़क को दुरूस्त कर समय से कनेक्शन देने का काम करें। परियोजना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने एजेंसियों से कहा कि सड़क की मरम्मत नहीं किये जाने का खमियाजा जुडको को भुगतना पड़ रहा है।

### नए कर्मियों की नियुक्ति का मामला

## झारखंड रक्षा शक्ति विवि के शिक्षकेत्तर कर्मियों ने लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के स्थापना वर्ष 2016 से संविदा पर कार्यरत कई शिक्षकेत्तर कर्मी बेरोजगार हो गये हैं। कर्मियों का कहना है कि 7 वर्षों से कार्यरत 8 शिक्षकेत्तर कर्मी को हटाकर आउटसोर्स के माध्यम से नए कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। बताया गया कि इन कर्मियों की संविदा अवधि दिनांक 05 मई 2023 को समाप्त हो गई थी। राज्यभवन द्वारा विश्वविद्यालय की तत्कालिन कुलपति पी.आर.के.नायडू को नीतिगत फैसले एवं नयी नियुक्ति करने पर रोक लगा दी गई थी क्योंकि पी.आर.के.नायडू का कार्यकाल 26 जून 2023 को समाप्त हो रहा था। इन कारणों से शिक्षकेत्तर कर्मियों की संविदा अविध विस्तारित नहीं हो पाया। राजभवन द्वारा कहा गया था कि नए कुलपति की नियुक्ति के बाद इनके अनुबंध अवधि विस्तारित कर दी जाएगी। वर्तमान में झारखण्ड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में कुलपति का प्रभार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार को दिया गया है। कर्मचारियों ने जब कुलपति को अपनी समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। कई बार उनसे मिलने गए तो उन्हें मिलने नहीं दिया गया। वहीं, सोमवार को जब कर्मी विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति से मिलने गए तो पता चला कि वहां आउटसोर्स के माध्यम से तृतीय वर्ग की कर्मियों का साक्षात्कार लिया जा रहा है। जबकि झारखंड हाई कोर्ट का साफ निर्देश है कि सृजित पद पर आउटसोर्सिंग नहीं किया जाएगा। साथ ही संविदा पर कार्य कर्मियों को हटाकर दूसरे कर्मचारी को नहीं रखा जा सकता है। परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोर्ट के नियम की धज्जियां उड़ाते हुए आउटसोर्सिंग के माध्यम से साक्षात्कार लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आउटसोर्स कंपनियों से काफी मोटी रकम ली गई है। साथ ही ऐसे कर्मियों को बुलाया गया है जिनसे काफी पैसा लिया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा पर फैसला 12 सितम्बर को होगा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित सुशांत कुमार उर्फ विपुल को दोषी करार दिया है। अदालत मामले में 12 सितम्बर को सजा सुनायेगी। अदालत ने इस मामले के दो आरोपित अरविंद कुमार और करण को साक्ष्य के अभाव में बरी करते हुए उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में युवती के परिजनों ने लोअर बाजार थाना में कांड संख्या (137/2020) 13 अगस्त 2020 को दर्ज करवाई थी। नाबालिग स्कूल जा रही थी। इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया गया था।

### बोकारो में 14 लाख नगदी समेत एटीएम मशीन ले उड़े चोर, पुलिस छानबीन में जुटी

**बोकारो।** कसमार थाना क्षेत्र के कमलापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम का शटर काटकर सोमवार सुबह चोरों ने चोरी की। चोर एटीएम मशीन सहित 14 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि एटीएम में शनिवार को ही एजेंसी की ओर से 14 लख रुपये डाले गए थे। सुबह जब लोग पैसे निकालने मौके पर पहुंचे तो एटीएम शटर कटा हुआ था और एटीएम मशीन नहीं थी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए मामले की छानबीन में जुट गई है।

### छात्राओं के साथ मारपीट करने वाले आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, भेजे गए जेल, दो फरार

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के गुडू स्थित कृषक उच्च विद्यालय, गडरी गुडू के दो आरोपी शिक्षक सचिव अशोक महतो व प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी को रातू पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया । गिरफ्तार दोनों शिक्षकों के विरुद्ध स्कूल की छात्रा के साथ मारपीट करने का आरोप है । गौरतलब हो कि स्कूल के चार शिक्षकों स्कूल के सचिव अशोक महतो, प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी एवं सहायक शिक्षक निरंजन महतो व स्वेता तिर्की ने पिछले दिनों स्कूल के तीन छात्राओं के साथ स्कूल नही आने का आरोप लगाते हुए मारपीट की थी, जिससे एक छात्रा साक्षी कुमारी ने कीटनाशक पी आत्महत्या कर लिया था । छात्रा की मौत के बाद आक्रोषित ग्रामीणों ने 28 अगस्त को एनएच को भी जाम किया था । घटना के बाद से ही चारो आरोपी फरार थे । रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर रातू पुलिस ने चार आरोपी में से प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी व सचिव अशोक महतो को बेडो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया । घटना में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार है । रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने कहा कि जल्द बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी । पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### लापुंग प्रखंड में शिक्षक दिवस की सारी तैयारियां पूरी

# स्कूली छात्र-छात्राएं आज गुरुजनों के सम्मान में करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों सहित सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। विद्यालयों में इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सोमवार को विद्यालयों में शिक्षक दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल किया गया। लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरनाटोली, राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुदगुद सहित विभिन्न विद्यालयों में स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर दिनभर तैयारी में लग रहे। स्कूली छात्र-छात्राएं विभिन्न विद्यालयों में अपने गुरुजनों को सम्मान स्वरूप अलग-अलग तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करने की भी तैयारी की गई है। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के छात्र-छात्राओं ने भी जोरदार तैयारियां की है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरनाटोली (खटंगा ) ककरिया में प्रधान शिक्षिका रूथ बेरनादेत लकड़ा ने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के संबंध में कई तरह के अलग-अलग दिशा निर्देश दिए। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव, जितेंद्र उरांव तथा सहायक अध्यापक समीउल्लाह हक उर्फ अलीम सर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने मार्ग निर्देशन में कार्यक्रम की सफलता के लिए रिहर्सल कराया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली में प्रधान शिक्षक रुपेश कुमार पाठक जबकि नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल में उर्मिला कुमारी की देखरेख में कार्यक्रम का तैयारी किया गया। उन्होंने भी बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रिहर्सल में अपना मार्ग निर्देशन दिया।

### आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को डरा रहे झामुमो के कार्यकर्ता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं और उपद्रवियों द्वारा आजसू पार्टी एनडीए के समर्थकों और कार्यकर्ताओं को डराने की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि इसमें जिला प्रशासन तथा पुलिस का भी समर्थन प्राप्त है। ऐसा चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सत्ता संरक्षण के तहत डुमरी विधानसभा उपचुनाव को प्रभावित करने में लगा हुआ है। पुलिस प्रशासन का साथ लेकर मतदान को प्रभावित करने में लगा हुआ है। मतदान से पूर्व मतदाताओं को भी अनेकों तरह से प्रभावित करने का कार्य किया जा रहा है। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। डराया व धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर संबंधित थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

### रातू के हुरहुरी का युवक लापता, पत्नी ने रातू थाने में करायी गुमशुदगी की रिपोर्ट



**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी निवासी स्व. बिगलु उरांव के 29 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव 2 सितंबर से लापता है। मामले को लेकर पत्नी रेखा देवी ने रातू थाने में पति की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक युवक सुनील उरांव अपनी पत्नी के साथ एक सप्ताह पहले अपना ससुराल राहे सुवर मरा गांव गया था। पत्नी 01 सितंबर को वापस अपना ससुराल वापस आ गयी वहीं पति सुनील अपने ससुराल में ही रुक गया। 2 सितंबर की सुबह 9 बजे सुनील अपने घर हुरहुरी आने के लिए निकला। परन्तु दो दिन बीत जाने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटा। परिजन आस-पड़ोस व संगी संबंधियों के यहां काफी खोजबीन कि परन्तु सुनील का कुछ पता नही चल पाया। सुनील की दो पुत्र संजीत व संदीप उरांव तथा पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। पत्नी रेखा देवी ने रातू थाने में आवेदन देकर पुलिस से पति को ढूढने की गुजारिश की ही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बनारस यार्ड में चलेगा विकास का काम, रांची की छह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**रांची।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत बनारस यार्ड में विकास कार्य होगा। इस कारण रांची रेलमंडल होकर चलने वाली छह ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसमें संबलपुर-बनारस द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस सितंबर माह के 20, 24, 27 और अक्तूबर माह के एक, चार, आठ और 11 को रद्द रहेगी। इसके अलावा बनारस-संबलपुर द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस 21, 25, 28 सितंबर और दो, पांच, नौ और 12 अक्तूबर, रांची-बनारस एक्सप्रेस 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29, 30 और अक्तूबर दो, तीन, पांच, छह, सात, नौ, 10, 12, 13 और 14 को रद्द रहेगी। बनारस-रांची एक्सप्रेस सितंबर 20, 22, 23, 24, 26, 27, 30 और अक्तूबर माह के एक, तीन, चार, छह, सात, आठ, 10, 11, 13, 14 और 15 को नहीं चलेगी। इसके अलावा पुरी-आनंदविहार टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस वाया मुरी सितंबर माह के 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29 और अक्तूबर माह के एक, तीन, छह, आठ, 10, 13 और 15 को निर्धारित मार्ग कानपुर-लखनऊ, प्रतापगढ़-बनारस-दीनदयाल उपाध्याय के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर-प्रयागराज-मिजार्पुर-दीनदयाल उपाध्याय होकर चलेगी।

### चेक बाउंस से जुड़े मामले में दोषी को एक साल की कैद

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी रोजलीन बाड़ा की अदालत ने सोमवार को चेक बाउंस से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दोषी मुकेश कुमार को एक साल कैद की सजा सुनाई है। साथ उस पर छह लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि शिकायतकर्ता रितेश कुमार को मिलेगा। शिकायतकर्ता के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बताया कि मुकेश कुमार जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के लोअर हटिया स्थित रिवर व्यू कॉलोनी का रहने वाला है। चेक बाउंस को लेकर सीसीएल में कार्यरत ऑडिटर रितेश कुमार ने 12 मार्च 2020 को मुकदमा किया था। रितेश कुमार ने 20 जनवरी 2019 को अभियुक्त मुकेश कुमार को 4.25 लाख रुपए दोस्ताना कर्ज दिया था। साथ ही उस कर्ज के एवज में 4.25 लाख रुपए का पोस्ट डेटेड चेक लिया गया था, जो 18 नवंबर 2019 को बाउंस कर गया।

# झारखंड में आने वाले दिनों में होगी भारी बारिश, वज्रपात की भी संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश होगी। इसकी जानकारी मौसम विभाग केंद्र रांची के पूवार्नुमान पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने दी है। उन्होंने बताया है कि राज्य के कई हिस्सो में अगले दो दिनों तक सामान्य तो कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बता दें, पिछले कुछ दिनों से राज्य में मानसून कमजोर पड़ गया था। इस वजह से राजधानी समेत राज्य के कई हिस्सों में लोगों को गर्मी ने काफी परेशान कर दिया था। हालांकि अब राज्य में मौसम ने करवट ले ली है। 3 सितंबर को राजधानी समेत राज्य के कई भागों में अच्छी बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है।

**आने वाले दिनों वज्रपात की संभावना :** राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है जिसमें उत्तर-पूर्वी संथाल परगना और उसके सटे हुए कुछ हिस्से और पश्चिमी भाग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभी आने वाले चार-पांच दिनों में वज्रपात की काफी संभावनाएं है। क्योंकि गर्मी के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हुआ है। ऐसे समय में वज्रपात की संभावना काफी हद तक बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे समय में लोग अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एहतियात बरतें।

**बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर :** उन्होंने ने बताया है कि इसका असर अगले 8 सितंबर तक रहेगा। लेकिन 6 सितंबर तक बारिश में थोड़ी कमी आएगी। मौसम विभाग केंद्र रांची के पूवार्नुमान पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है जिसके निम्न दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। इसके असर से झारखंड के साथ बिहार में भी पड़ा है इससे अगले दो दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### झारखंड हाई कोर्ट का आदेश- सुनवाई के संबंध में गैर जिम्मेदाराना बयान न दें अधिवक्ता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में फॉरेस्ट लैंड को रैयती लैंड बताकर बेचे जाने की जांच के लिए दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने अधिवक्ता राजीव कुमार को निर्देश दिया है कि वे हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई के संबंध में मीडिया के समक्ष गैर जिम्मेदाराना बयान न दें। हाई कोर्ट ने कहा है कि चाईबासा मनरेगा घोटाला से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हमने ईडी को जांच नहीं दी, फिर भी मीडिया में यह खबरें प्रकाशित हुई कि हाई कोर्ट ने ईडी को इस मामले की जांच का जिम्मा दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसलिए अधिवक्ता इस बात का ध्यान रखें कि मीडिया के सामने लापरवाही वाला बयान नहीं देना चाहिए।

पिछले दिनों हाई कोर्ट में चाईबासा जिले में 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला की जांच की मांग पर दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह मामले में दर्ज सभी प्राथमिकी की प्रति ईडी को दे। साथ ही कोर्ट ने ईडी को एक माह में इसकी जांच कर पूरी कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 सितंबर को होगी।

**कार्यालय-जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा**

**आम सूचना**

कोडरमा जिला अंतर्गत सभी किसान भाई बहनों से आग्रह है कि जिन योग्य किसानों को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत 31.03.2020 के आधार पर लाभ नहीं मिल पाया है वो अविलंब अपने शाखा से संपर्क करें एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत कोई भी किसान जो सरकार के नियमानुसार योग्य होने पर भी लाभ से वंचित है उन्हें तुरंत शाखा से संपर्क करने के लिए प्रेरित करें एवं जिन भी किसान भाई बहनों को अपने शाखा से दिक्कत आ रही है वो 10 दिनों के अंदर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय या जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय कोडरमा से संपर्क करें। चूंकि माफी कि प्रक्रिया पोर्टल पर प्रारंभ हुए दो साल से अधिक बीत चुका है एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय तथा जिला कृषि कार्यालय को अब तक इस निमित बहुत प्रयास के बावजुद कुछ शिकायत प्राप्त हुई है जिसका निराकरण किया जा रहा है तथा वंचित योग्य लाभुक को 10 दिनों के समय दिया जा रहा है इसके बाद यह माना जाएगा कि झारखंड कृशि ऋण माफी योजना से संबंधित शिकायत नहीं है।

जिला कृषि पदाधिकारी कोडरमा। — अग्रणी जिला प्रबंधक कोडरमा।

PR.NO.306193 Agriculture(23-24):D

### आत्मनिर्भर — पीएम मोदी ने खिलौने बनाने वाली शोभा की कभी की थी तारीफ

# पीएम के प्रोत्साहन के बाद देश-विदेश से मिलने लगे थे खिलौने के भरपूर ऑर्डर



**स्वास्थ्य कारणों से काटना पड़ा आत्मनिर्भर भारत के सिपाही शोभा का हाथ**

**सांसद संजय सेठ ने की मुलाकात, बहुत जल्द शोभा को मिलेंगे नकली हाथ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में रांची के जिस शोभा कुमारी की तारीफ की, स्वास्थ्य कारणों से उनका हाथ कुछ दिन पूर्व काटना पड़ा। सांसद श्री संजय सेठ ने उनके आवास जाकर मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद करने की बात कही। शोभा कुमारी वह महिला है, जो खिलौने बनाने का काम करती थी। लॉकडाउन के दौरान सांसद संजय सेठ ने उनके इस व्यवसाय को प्रोत्साहन दिया। वोकल फॉर लोकल के नारे को आत्मसात करते हुए शोभा कुमारी ने आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाने में अपनी सशक्त भूमिका निभाई। इनके द्वारा बनाए गए राम दरबार और आदिवासी कलाकृतियों से जुड़े खिलौने को सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेंट भी किया। उनके विषय में जानकारी दी। कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान उनके हाथों के हुनर की चर्चा भी की। इसके बाद शोभा कुमारी का व्यवसाय बहुत जबरदस्त तरीके से बढ़ा। भारत ही नहीं विदेशों से भी इनके पास खिलौने के आर्डर आने लगे परंतु कुछ दिन पूर्व दुर्भाग्यवश इनका हाथ काटना पड़ा। सांसद संजय सेठ जब इनसे मिलने पहुंचे तो भी शोभा कुमारी के हौसले बुलंदी पर दिखे। उन्होंने कहा कि उनके माध्यम से अभी 40 से अधिक परिवारों को रोजगार मिला हुआ है। उनकी यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। सांसद ने उन्हें कहा कि जिस महिला की प्रधानमंत्री ने तारीफ की है। उनका हर संभव मदद करने की बात हम कह रहे हैं। इसे पूर्ण किया जाएगा। वर्तमान समय में शोभा कुमारी को कृत्रिम हाथ लगाए जाने की आवश्यकता है ताकि यह पूर्व की भांति काम कर सके। इसके लिए शोभा कुमारी ने सांसद से आग्रह भी किया है। सांसद संजय सेठ ने उन्हें आश्वस्त किया कि कृत्रिम हाथ लगाया जा जाए, इस दिशा में भी उनकी हर संभव मदद करेंगे। कई कंपनियों से उनकी बात भी हो चुकी है। कंपनियां उन्हें मदद करने को तैयार है। बहुत जल्द शोभा दीदी दोनों हाथों से काम करती दिखेंगे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2023-24 PR No. 305459 Lohardaga (23-24).D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.08.2023 | 07.09.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 13.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 09.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 14.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 15.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 306160 Lohardaga (23-24)_D

# बरही में भाजपा की संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब






## झारखंड बचाओ के लगे नारे

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** भाजपा की संकल्प यात्रा के तहत बरही के प्रखंड मैदान में आयोजित संकल्प सभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा. जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव और संचालन प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष राजेश सहाय और रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि झारखंड के पहले मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, सदर विधायक मनीष जायसवाल, जमुई विधायक सह कार्यक्रम संयोजक केदार नाथ हजारा, पूर्व मंत्री रवींद्र राय, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो सहित बरही के स्थानीय और लोकप्रिय पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओ ने राज्य में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर बरसाने का काम किया. साथ ही आगामी लोकसभा और विस चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत से सरकार बनाने की अपील किया. कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे स्थानीय पूर्व विधायक श्री यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को बरही विधानसभा के वर्तमान परिदृश्य से अवगत कराते हुए वर्तमान विधायक और उनके पुत्र पर गौ, बालू, लकड़ी, शराब, अफीम आदि की तस्करी करने का आरोप लगाया. यह भी कहा कि सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी चरम पर है. राशन कार्ड बनाने या सुधारने से लेकर दाखिल खारिज करवाने में हजारों के रिश्वत लिए जाते है. रघुवर काल में जहां ट्रांसफार्मर एक दिन में लगाए जाते थे वही वर्तमान समय में हजारों रिश्वत देने के बाद महीने बाद ट्रांसफार्मर लगते है. स्थानीय सांसद ने भी बरही विधानसभा सहित राज्य के भ्रष्टाचार की कहानी बताई. उन्होंने वंदे भारत, ऑक्सीजन प्लांट, बेहतर सुविधाओ वाला अस्पताल आदि की उपलब्धि बताकर आगामी लोक सभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में मतदान करने का संकल्प दिलाया. साथ ही लोगो से हेमंत हटाओ और झारखंड बचाओ जैसे नारे भी लगावाए. सभा को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि मरांडी ने आगामी लोक सभा और विस चुनाव में एनडीए के पक्ष में मतदान करने का अपील किया. उन्होंने बताया कि पिछले 17 अगस्त से निकली संकल्प यात्रा झारखंड के सभी 81 विधासभा में भ्रमण कर वर्तमान निकम्मी सरकार की कारनामे को जनता के बीच रखने का काम कर रही है. उन्होंने दो टूक कहा कि राज्य और देशहित के लिए भाजपा ही एक मात्र विकल्प है. जिसके सबका साथ सबका विकास संभव है. उन्होंने बताया कि राज्य में बालू की चोरी से लेकर गरीबों के निवाले तक की चोरी चरम पर है. इसके पाप के घड़े भर चुके है. कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साहू, डोमन पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नु गोप, के पी शर्मा, जिला महामंत्री सुनील साहू, बटेश्वर मेहता, भैया बांके बिहारी, टुन्नू गोप, शैलेंद्र सिन्हा, अंबिका सिंह, संजीव कटरियार, सुरेंद्र रजक, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया विजय यादव, मंगलदेव यादव, राजेंद्र प्रसाद, मंडल अध्यक्ष अमित साहु, विनोद पासवान, नंदकिशोर कुमार, मणितोष यादवसभी मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आदि मौजूद थे.

# डॉक्टर सईद अंसारी बने हेल्थकेयर प्रोवाइडर झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डॉक्टर सईद अंसारी हेल्थ केयर प्रोवाइडर के झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष बने। सोमवार को हेल्थ केयर प्रोवाइडर के चौथे एजीएम में सर्व समिति से डॉक्टर अंसारी का चुनाव किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी अरुण कुमार सिंह ने उन्हें नियुक्ति पत्र सोपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागीय सचिव ने कहा कि अस्पताल की जो मुख्य समस्या आयुष्मान से संबंधित है। उसके लिए सरकार और हेल्थ केयर प्रोवाइडर को लेकर एक कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाई जाएगी जिसमें इस तरह की समस्याओं का निदान किया जाएगा ।जिसकी बैठक हर माह होगी। साथी उन्होंने कहा कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में सुधार के लिए विधानसभा समिति के पास फाइल भेजी गई है। जिस पर जल्द निर्णय हो जाएगा। वहीं डॉक्टर सईद अंसारी ने कहा की मुझे जो जिम्मेदारी आपलोगो ने सौंपी है उसपर मैं खरा उतरने का जी तोड़ प्रयास करूंगा। साथ ही आप सब ने जो मुझ पर विश्वास किया उसके लिए सभी का शुक्रिया। एजीएम को डॉ योगेश गंभीर, डॉ अजय सिंह डॉ काजल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनंत सहाय एवं डॉ शंभू ने किया धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजेश ने दिया। मौके पर दीपक कुमार, डॉक्टर शाहबाज आलम, डॉक्टर यूके पांडे, डॉक्टर संजय रॉय, डॉक्टर रानी, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर एम आलम, डॉक्टर आर एन राज, डॉक्टर लाल मांझी, डॉक्टर पीके गुप्ता, डॉक्टर एन एन पांडे, डॉक्टर काजल, डॉक्टर एस, डॉक्टर एम आजाद, अन्य गणमान्य डॉक्टर उपस्थित थे

## पुलिस ने बाइक को मॉडिफाइड कर चलाने वालों से वसूला जुर्माना

**चाईबासा।** चाईबासा शहरी क्षेत्र में मॉडिफाइड बाइक को रफ तरीके से चलाने वाले, रेकलेस ड्राइविंग करने वालों के विरुद्ध सदर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. वाहन चेकिंग के दौरान दो बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना लाया गया है. जप्त बुलेट मोटरसाइकिल के चालक द्वारा मोटरसाइकिल के साइलेंसर को बदलकर अत्यधिक आवाज करने वाला साइलेंसर लगाया गया था. जो मोटरवाहन अधिनियम के अंतर्गत अवैध है. जब्त वाहन के विरुद्ध एमवी एक्ट के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिसम्मत कानूनी कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल के मोडिफाइड साइलेंसर को भी बदलवाया गया. सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि शहरवासियों से चाईबासा पुलिस अपील करती है कि ट्रैफिक नियमो का अनुपालन करे.

# बीओआई का एटीएम उखाड़ ले गए चोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो-रामगढ़ मुख्य मार्ग एनएच 23 पर कसमार थाना क्षेत्र के कमलापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को चोर 4 अगस्त सोमवार की अहले सुबह लेकर भाग निकले. उक्त एटीएम में बैंक की एजेंसी ने एक दिन पहले यानी शनिवार को 14 लाख रुपये डाले थे. सोमवार की सुबह एटीएम पहुंचे एक ग्राहक ने देखा कि में शटर उठा हुआ है और उसमें लगी मशीन गायब है. ग्राहक ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी और थाना को भी सूचित किया गया. कसमार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. चोरों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के होटलों और पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही. ज्ञात हो कि इससे पहले 18 जनवरी को चोरों ने पेटरवार बाजार में मेनरोड किनारे लगे एचडीएफसी बैंक की एटीएम मशीन की चोरी कर ली थी. साढ़े सात महीने बाद भी पुलिस मामले का खुलासा नहीं सकी है. तभी एटीएम चोरी की दूसरी घटनका को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को बड़ी चुनौती दे डाली है.

## किरीबुरू : रक्षा सूत्र बांध पेड़ों के संरक्षण का सारंडा के ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**चाईबासा।** सारंडा वन प्रमंडल के डीएफओ अविरुप सिन्हा के निदेर्शानुसार ससंग्दा (किरीबुरु) वन प्रक्षेत्र के वनकर्मियों ने इको विकास समिति एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर थोलकोबाद के जंगलों में पेड़-पौधों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का अभियान चलाया. इस कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल हुए. प्रभारी फौरेस्टर शंकर पांडेय ने बताया कि वन विभाग व इको विकास समिति सारंडा के ग्रामीणों के बीच निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चला रही है.थोलकोबाद के ग्रामीणों ने सैकड़ों पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा करने की शपथ ली. इस दौरान वनकर्मियों के अलावे इको विकास समिति के अध्यक्ष बिमल होनहागा, मुंडा गंगाराम होनहागा आदि दर्जनों लोग मौजूद थे.

## गिरिडीह : अवैध पत्थर खदान के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोरचा

गिरिडीह। धनवार प्रखंड अंतर्गत ग्राम बसगी में ग्रामीण घरों से मात्र 50 मीटर की दूरी पर अवैध पत्थर खदान चल रहा है. इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है. इस मामले को लेकर ग्रामीण 4 सितंबर को उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा. इस शिकायती ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि खाता नंबर 7 प्लॉट नंबर 33, 34, 41, 45, 50, 51 व 68 में जहां खदान संचालित है, उसी के बगल में वालों का घर है. इससे हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है. इस अवैध धंधा पर रोक का प्रयास करने पर ग्रामीणों को हत्या करने की धमकी दी जाती है. पत्र में आरोप लगाया है कि यहां ब्लास्टिंग से कई बार लोगों की संपत्ति का नुकसान हुआ है. ब्लास्टिंग के कारण एक घर का छत क्षतिग्रस्त हो गया और महिला घायल हो गई. ब्लास्टिंग के कारण यहां का जलस्तर भी नीचे चला गया है. ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां तत्काल डोजरिंग और ब्लास्टिंग का काम बंद कराया जाए.

# सेविका व सहायिका की हड़ताल तीसरे दिन भी



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिकाओं ने तीसरे दिन भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया.सेविका और सहायिका झारखंड आंगनबाड़ी एसोसिएशन के बैनर तले धरना पर बैठी है. प्रखंड मुख्यालय के प्रवेश द्वार धरना पर बैठी .सेविका और सहायिका ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. बहरागोड़ा प्रखंड के आंगनबाड़ी एसोसिएशन के अध्यक्ष करुणा हेम्ब्रम तथा सचिव ज्योत्सना ने कहा कि जब तक सरकार हमारी पूरी मांगे नहीं मानती है तब तक हम लोग हड़ताल जारी रखेंगे. मौके पर संगीता मंडल, नंदिता जाना, सावित्री सिंह, श्रीमती पातर, सुमित्रा बेहरा, बंदना बेरा, आरती मुंडा आदि उपस्थित थे.

# अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ की ओर से 4 सितंबर को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई. मौके पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश के हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस ने बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया है. यह निंदनीय घटना है. ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जरुरी है कि सरकार तत्काल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे. दूसरी ओर इस घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला (रीबन) लगाकर न्यायिक कार्य किया. वक्ताओं ने कहा कि हापुड़ की घटना पर संघ की ओर से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है. इसमें पीड़ित अधिवक्ताओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है. मौके पर संघ के उपाध्यक्ष बासुदेव गोस्वामी, मृत्युन्जय कुमार श्रीवास्तव, सोमनाथ शेखर, प्रशासन महेश चौधरी, प्रेम कुमार, विकास तापड़िया, नवीन कुमार, रूपेश कुमार, सृष्टिधर सिंह, संपूर्ण चन्द्र लायक, कामदेव पाठक, संजय कुमार, माया सिंह, मृत्युन्जय मल्लिक, अतुल कुमार के साथ संघ के सदस्य शामिल थे.

## धनबाद स्टेशन के ब्रिज से छलांग लगाने वाला युवक अस्पताल से फरार

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन के ब्रिज से छलांग लगाने वाला युवक सरायढेला स्थित एसएनएमएमसीएच से फरार हो गया. सूत्रों के अनुसार आरपीएफ-जीआरपी के पदाधिकारी व जवान जख्मी युवक की तलाश कर रहे हैं. जख्मी आकाश कुमार का पता नहीं मालूम होने की वजह से रेल पुलिसकर्मियों को काफी परेशानी हो रही है. आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर पंकज कुमार कहते हैं कि उसकी बातचीत से लग रहा था कि वह विक्षिप्त है. इसलिए मौका पाकर फरार हो गया. हालांकि अस्पताल में जवान की ड्यूटी नहीं होने की वजह से वह भाग निकला. सुरक्षा गार्ड व होमगार्ड जवान भी ड्यूटी में रहते हैं, लेकिन वह भी रोक नहीं सके. रेल थाना पुलिस ने युवक के छलांग लगाने का मामला भी दर्ज नहीं किया है. विदित हो कि रविवार 3 सितंबर को दिन के दो बजे धनबाद स्टेशन के ब्रिज से युवक ने छलांग लगाई थी. वह सीधे ट्रेन की छत पर गिरा और हाईटेंशन 25 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आकर झुलस गया. उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी. आरपीएफ-जीआरपी के जवानों ने उसे उतार कर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रात में इलाज के दौरान वह भाग निकला.

## धनबादः ठनका गिरने से बिजली-पानी ठप

**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में 4 सितंबर सोमवार की सुबह आंधी-तूफान में बिजली गिरने से (थंडरिंग) विद्युत तार जहां तहां गिर गए और बिजली आपूर्ति ठप हो गई. झरिया व आस पास के इलाके में जलापूर्ति भी ठप है. सोमवार की सुबह बिजली कड़कने के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे जामाडोबा आर एस फीडर में पुटकी से 33 हजार केबी आने वाले पर ठनका गिरा है, जिससे तड़िक चालक यंत्र भी उड़ गया है.

**दिशा निर्देश**

## रामगढ़ टाउन हॉल में हुआ मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# जेएसएफसी अध्यक्ष और सदस्य का रामगढ़ दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं सदस्या शबनम परवीन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान परिसदन रामगढ़ में जनसुनवाई एवं इसके उपरांत टाउन हॉल भवन रामगढ़ में मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोग द्वारा सर्वप्रथम परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की जन वितरण प्रणाली, मध्यान भोजन, पोषण आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं कुपोषण उपचार केंद्र सहित अन्य समस्याओं व शिकायतों को सुना गया जिसके उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्याओं व शिकायतों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत टाउन हॉल भवन रामगढ़ में मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्या शबनम परवीन , उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रामगढ़ रोबिन टोप्पो सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से मुखिया संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुखिया संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया, अन्य जनप्रतिनिधियों आदि को मुखिया संवाद कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को इस कार्यक्रम में आने का उद्देश्य पता होना चाहिए साथ ही आपको यह भी जानकारी होनी चाहिए कि इस कार्यक्रम क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि समाज की नींव होते हैं और जब तक नींव मजबूत नहीं हो तब तक कोई इमारत मजबूत नहीं हो सकती है। मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को उनके हक, अधिकार के बारे में जागरूक करना है। सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन जानकारी न होने अथवा जागरूकता का अभाव होने के कारण कई बार लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं, हमारा उद्देश्य समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान अध्यक्ष ने सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी। मौके पर माननीय अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके उनके क्षेत्र में स्थित पंचायत भवनों के बाहर एक होर्डिंग स्थापित करते हुए होर्डिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार व लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी ग्रामीणों को देने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्रों में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने की प्रक्रिया के प्रति भी जागरूक करने की अपील की। मौके पर उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा आयोग द्वारा वैसे मुखियाओं और जनप्रतिनिधियों जिनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को धरातल पर उतारने में बेहतरीन कार्य किया जाएगा उन्हें आयोग द्वारा सम्मानित करने का भी कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सदस्या शबनम परवीन ने झारखंड राज्य खाद्य आयोग के रामगढ़ जिले के दौरे के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता के अभाव में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं का लाभ ना ले पाने के विषय पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत किसी बच्चे के जन्म से लेकर जीवन के अंत तक के लिए योजनाएं संचालित है, जरूरत है लोगों को जागरूक करने की।

### लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में नए ओपीडी का सांसद ने किया उद्घाटन

# मेडिकल उपकरणों का लोकार्पण, लगे पौधे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चौपारण स्थित नव भारत जागृति केंद्र से संचालित लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के नए ओपीडी प्रभाग एवं मेडिकल उपकरणों का लोकार्पण सह उद्घाटन सोमवार को सांसद जयंत सिन्हा ने किया. इस अवसर पर उन्होंने एनबीजेके और एलएनजेपी आंख अस्पताल की सराहना करते हुए यहां की स्वच्छता, स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण और किफायती इलाज का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि सतीश गिरिजा और गिरिजा सतीश ने दशकों की मेहनत के बाद ऐसे संस्थान खड़े किए हैं, जिसका लाभ आज जनता को मिल रहा है. उन्होंने कहा कि जब डी. डीकॉर और रेयर फैमिली जैसे दाताओं के पास इनकी चर्चा करते हैं, तो वह अपनी समीक्षा के बाद सीएसआर के तहत इस आंख अस्पताल के लिए दो करोड़ रुपए की सहायता राशि जारी करते हैं, जिनसे यह नया ओपीडी और मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित होती है. और फिर जनसाधारण के लिए सस्ते दर पर या निःशुल्क इलाज यहां हो रहा है. सांसद ने कहा कि बकौल गांधीजी लक्ष्य उत्तम रहने से संसाधन भी उपलब्ध होते हैं और इस काम में मदद करके हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है. उन्होंने अस्पताल तक बेहतर संपर्क सड़क, हजारीबाग जिले में अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा की. सांसद ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण भी किया. इससे पहले एनबीजेके सचिव सतीश गिरिजा ने सांसद का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया, जिनके प्रयासों से एलएनजेपी आंख अस्पताल को आर्थिक मदद मिली और प्रति वर्ष लगभग 80 हजार ओपीडी की क्षमता विकसित हो सकी है. उन्होंने अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर और कीमती मेडिकल उपकरणों की उपलब्धता के लिए संस्था की ओर से जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को इनके प्रयासों से काफी लाभ मिल रहा है. मौके पर राजेश सहाय ने कोरोना काल में एलएनजेपी आंख अस्पताल और सांसद के परस्पर सहयोग से ऑक्सीजन सिलिंडरों की व्यवस्था का जिक्र किया. कार्यक्रम का संचालन करते हुए अस्पताल प्रबंधक संतोष कुमार पुरी ने संस्थान की ओर से क्रियान्वित विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी. कार्यक्रम को भाजपा के जिला महामंत्री सुनील साहू, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा आदि ने संबोधित किया.

## राधा गोविंद विवि. के गणित विभाग में व्याख्यानमाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में 4 सितम्बर को व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हिमांशु कुमार पांडेय उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम में गणित विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार पांडेय द्वारा स्वागत भाषण देकर किया गया। उन्होंने डॉ. हिमांशु कुमार पांडेय के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उनके द्वारा प्रकाशित पुस्तकों तथा अभिलेखों का वर्णन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु कुमार पांडेय को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। व्याख्यान का विषय था, 'सॉल्यूशन ऑफ सिस्टम ऑफ लिनियर इक्वेशंस ओवर ए फाइनाइट फील्ड'। उनके इस व्याख्यान से विश्वविद्यालय के विद्यार्थी काफी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में गणित विभाग के प्राध्यापक जतरु महतो द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। विदाई के समय गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा डॉ. पांडेय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्याख्यानमाला आयोजित करने से विद्यार्थी अपने विषय क्षेत्र में और अधिक परिपक्व होते हैं। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने भी कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की तथा अन्य विभागाध्यक्षों से भी इसी प्रकार की व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करने की सलाह दी।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने माखनचोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने लड्डू गोपाल के रूप को धारण कर सब का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने झूले में श्रीकृष्ण के बाल रुप को झूला झूलाकर माखन-मिसरी का प्रसाद वितरित किया। स्कूल प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवद्गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं, सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## दामोदर घाटी का औचक निरीक्षण, अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है. इसी कड़ी में आज सोमवार सुबह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन और अंचल अधिकारी गोला सुदीप एक्का ने गोला प्रखंड अंतर्गत हेसापोड़ा क्षेत्र स्थित दामोदर नदी घाटी का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान घाटी से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त किये गये. जब्त ट्रैक्टरों में हरा रंग जोन डियर ट्रैक्टर इंजन नंबर ढ 3029डी430943, चेसिस नंबर 1पी 5036डीसीएचए 004169, हरा रंग जोन डियर ट्रैक्टर इंजन नंबर पीवाई 3029डी433205, चेसिस नंबर 1पीवाई 5036डीसीएचए 004371, हरा रंग जोन डियर ट्रैक्टर रजि० नं. जेएच01डीपी-6778 और लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर इंजन नंबर आरइएनडब्ल्यू 03683 शामिल है. ट्रैक्टर जब्त कर प्राथमिकी दर्ज कराने सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है.

## एक राष्ट्र एक चुनाव देशहित में: सिंधु झा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शिक्षक दिवस पर देश को अपनी शुभकामनाएं देते हुए शिक्षिका सह मानवाधिकार परिषद की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे अहम मुद्दे पर कमेटी गठन करने हेतु बधाई दी है। सिंधु झा ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आजकल प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में लिए गए हर फैसले को गलत साबित करने के चक्कर में कुछ राजनीतिक दल देश और जनता के हितों को भी दरकिनार करने से नहीं चूकते। इसका ताजा उदाहरण वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध के रूप में हमारे सामने है। कहा कि विरोध करने वालों को इतिहास पढ़ने की जरूरत है जिसमे आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में शुरू हुई ये परंपरा 1967 तक रही थी। शिक्षिका ने कहा कि वर्तमान समय में हर साल होने वाले चुनावों में हजारों करोड़ रुपयों के साथ लाखों सुरक्षा कर्मी,सरकारी कर्मचारी और संसाधन का उपयोग होता है। जिसका खर्च आम नागरिक टैक्स के रूप में चुकाता है। सिंधु झा ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव की बात करें तो इसमें अनुमानित 60 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थें जो एक विकासशील देश पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ होता है और इसमें लगने वाले संसाधनों,सुरक्षा बलो और अधिकारियों के वेतन भत्ते अलग से खर्च होते है जिसका सदुपयोग कही और किया जा सकता है। कहा कि सिर्फ पैसे की बबार्दी हीं नहीं बल्कि बार बार चुनावों के कारण लगने वाले आचार संहिता के कारण देश का विकास ठहर जाता है।

## तरंग ग्रुप ने किया शिक्षा सारथी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गुरु बिन ज्ञान न होत है, गुरु बिन न दिया अजान, गुरु बिन इंद्रियां न सधे, गुरु बिन बढ़े न ज्ञान...कुछ इसी संदेश के साथ तरंग ग्रुप और लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग की ओर से रविवार की देर शाम गुरु शिष्य सम्मान समारोह शिक्षा सारथी का आयोजन स्थानीय नगर भवन में किया गया. बतौर मुख्य अतिथि अशोक कुमार और बालेश्वर राम ने कहा कि एक ही मंच से गुरु एवं शिष्य को सम्मानित करना बेहद ही नेक पहल है. इससे अन्य लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा. इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार और डॉ बालेश्वर राम के साथ तरंग ग्रुप के निदेशक अमित कुमार गुप्ता एवं लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग के रीजन चेयरपर्सन राजीव आनंद के साथ जोनल चेयरपर्सन राजमोहन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया. संस्था के निदेशक ने बताया कि इस बार हमारा प्रयास था कि हर क्षेत्र के गुरुजनों एवं उनके सबसे बेहतरीन शिष्यों को एक मंच से सम्मानित किया जाए. कार्यक्रम में गुरुकुल कोचिंग के संस्थापक जेपी जैन, आईसीए के निदेशक मिथिलेश कुमार, रोज बड पब्लिक स्कूल से शिक्षक ओंकार मिश्रा, छात्रा वैष्णवी प्रियदर्शनी, गुलमोहर पब्लिक स्कूल की प्राचार्य विद्या बक्शी, छात्रा आकांक्षा बक्शी, बिहारी गर्ल्स की प्राचार्य रूपा वर्मा, शिक्षिका रेणु, छात्रा साक्षी कुमारी, सुरेखा भाई पब्लिक स्कूल से भीष्म प्रताप, मीनू गुप्ता प्राचार्य केडी स्कूल, शिक्षक बलदेव पांडे, छात्र तारकेश्वर कुमार, अनामिका सिंह शिक्षिका संत जेवियर स्कूल, रेबिका सोनडर्ष शिक्षिका माउंट कार्मेल स्कूल, चंद्रकांत पांडे निदेशक श्रीकांत मैथमेटिक, समाजसेवी सह शिक्षाविद् अजय जैन को सम्मानित किया गया. वहीं खेल के क्षेत्र स्केटिंग में बेहतर कर रहे मो. अकरम जैसे अन्य प्रमुख शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर भैया असीम, सुनील अग्रवाल के साथ संस्था की सदस्य स्नेहा अग्रवाल, श्रुति गुप्ता, कोमल खत्री, अमित कुशवाहा, कृष्णा समेत शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## हत्या के अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग व्यवहार न्यायालय अपर न्यायाधीश-6 कशिका एम प्रसाद के कोर्ट ने चौपारण कांड संख्या : 312/18 राज्य बनाम आनंद कुमार दांगी में आरोपी आनंद कुमार को दोषी पाया और उसे फांसी की सजा सुनाई गई है. पूरा मामला चौपारण का है. वहां अंगिरा देवी उसकी बच्ची और गर्भ में पल रहे बच्चे को आनंद कुमार दांगी ने धारदार हथियार से 13 दिसंबर 2018 की रात हत्या कर दी. फिर साक्ष्य छुपाने के लिए उसका शव कुएं में डाल दिया और फरार हो गया. जब इस बात की जानकारी घर और मोहल्ले वालों को मिली, तो उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस के सामने उसने अपना जुर्म कबूल लिया और जिस हथियार से घटना को अंजाम दिया गया था, उसे भी बरामद कर लिया गया. विशेष लोक अभियोजक भरत राम ने जानकारी दी कि पूरे मामले में आठ गवाही हुई. इसमें डॉक्टर, केस के आइओ, सूचक और सूचिका शामिल थीं. दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पिछले दिनों आरोपी आनंद कुमार दांगी को दोषी करार दिया था. सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए रखा था. यहां कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई है. लोक अभियोजक भरत राम ने जानकारी दी कि बच्चन सिंह और माची सिंह के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 1980 और 83 में फैसला दिया था.

## हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड में हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है. प्रखंड के चेचकप्पी, चौथा, रोसा, केवालु, पंचरुखी, तिलैया, महाबार, नावाडीह, सूर्यकुंड, बजुकोला, जवाड़, कुशहन, पहाड़पुर एवं अन्य क्षेत्रों में पिछले 15 दिनों से लगभग 30-35 हाथियों का झुंड कई घरों को ध्वस्त कर दिया है. हाथियों ने 15 दिनों में कई किसानों के घर में रखे चावल, आटा व खेतों में लगे धान, तिल, मेजरी, मक्का और मकान को नुकसान पहुंचाया है. क्षेत्र में हाथियों की धमक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. क्षेत्र के लोग रतजगा कर रहे हैं. वन विभाग की टीम सहित हाथी मंडल एवं सुरक्षा श्रमिक लगातार मौके पर पहुंचकर ग्रामवासियों को जंगल की ओर जाने से रोक रहे हैं.

## अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगा दिव्यांग शिविर, हजारीबाग से पहुंची मेडिकल टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाना था. इसके लिए सदर अस्पताल हजारीबाग से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आई थी. डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि उपायुक्त आदेशानुसार प्रत्येक माह के पहले सोमवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाना है. जिससे सुगमतापूर्वक प्रमाण पत्र निर्गत किए जा सके. पहले प्रमाण पत्र निर्गत करवाने के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग जाना पड़ता था अथवा किसी विशेष शिविर का इंतजार करना पड़ता था. अब यह सुविधा दिव्यांगजनो के लिए बरही में ही उपलब्ध हो चुका है. मौके पर कई दिव्यांगजनों ने प्रमाण पत्र के लिए अपना आवेदन दिया. जिनकी जांच कर अभी औपचारिकताएं पूरा की गई. जिनका प्रमाण पत्र शीघ्र ही निर्गत किया जायेगा. शिविर सफल बनाने में अस्पताल कर्मी सहित स्वास्थ्यकर्मी ने सार्थक भुमिका निभाई. मौके पर विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) रिजवान अंसारी ने दिव्यांगजनों को मदद किया.

**फाइनल मैच** | स्वतंत्र नव युवक संघ ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# खिताब पर कब्जा जमाया लसकरी की टीम

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं, निखारने की जरूरत : अन्नपूर्णा देवी




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्थित स्टेडियम में स्वतंत्र नव युवक संघ के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी,जिप सदस्य कुमकुम देवी, पंसस प्रीती गुप्ता उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों के कुल 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच लसकरी और देवकुली के बीच खेला गया जिसमें लसकरी की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में देवकुली को हराकर टूर्नामेंट चैम्पियन बनी। विजेता टीम को 51000 और उपविजेता को 31000 रुपए देकर अतिथियों ने पुरस्कृत किया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। छुपी प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता है। खेल प्रतियोगिता को बढ़ावा देने में केंद्र की मोदी सरकार तत्पर है। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेलकूद के माध्यम से भी अपना कैरियर बनाने में मदद मिलती है। वहीं लोगों ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार हेतु सांसद अन्नपूर्णा देवी को मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, अनिल आजाद,जिप प्रतिनिधि समीम अंसारी, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, त्रिवेणी यादव, संजय गुप्ता,रामखेलावन यादव, श्यामसुंदर यादव, संजय ठाकुर, जीतू कुमार, सिकंदर यादव, पंकज यादव, उपेन्द्र यादव, विजय यादव, मुकेश यादव, प्रमोद यादव, रोहित यादव,श्यामसुंदर उर्फ चुड्डु, सुजीत कुमार आदि खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## महंगाई और भ्रष्टाचार को भाजपा ने शिष्टाचार में किया शामिल : राकेश शर्मा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पुराने समाहरणालय के सामने सोमवार को महंगाई-भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मुद्दों पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के बैनर तले एकदिवसीय धरना दिया गया. भाजमो के जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में हुए धरने में राष्ट्रव्यापी महंगाई के खिलाफ लोगों ने आवाज बुलंद की. प्रदेश भाजमो के कोर कमेटी सदस्य राकेश शर्मा बतौर मुख्य प्रवक्ता शामिल धरने में कहा कि केंद्र सरकार ने आमजनों को महंगाई से त्रस्त कर दिया है. वहीं भ्रष्टाचार भी चरम सीमा पर पहुंच गया है. प्रधानमंत्री की कलई खुल चुकी है. सरकारी संस्थानों सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स सहित कई अन्य एजेंसियों का खुलकर दुरूपयोग किया जा रहा है. महंगाई और भ्रष्टाचार को शिष्टाचार में शामिल कर भाजपा ने एक नई राजनीति की शुरूआत की है. पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और जिलाध्यक्ष समेत अन्य वक्ताओं ने महंगाई और भ्रष्टाचार पर केंद्र सरकार को घेरा. धरने में जिला कमेटी के नीरज सिंह, वसीम अख्तर, मनोज साहू, धीरज सिंह, मृत्युंजय कुमार, मनोज सहित कई लोग शामिल हुए.

# आदिवासी संगठनों ने किया मानव श्रृंखला बनाकर मणिपुर की घटना का विरोध






नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** मणिपुर में हुए घटना के विरोध में ऑल चर्चेस बानो के नेतृत्व मानव श्रृंखला बना कर घटना का विरोध किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑल चर्चेस बानो के जगदीश बागे के स्वागत भाषण के साथ किया गया। कार्यक्रम कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी ने कहा कि आज हमारे जमीन को लूटने में लगे। आज भी झारखंड में 15 प्रतिशत सुंदर प्राकृतिक छटा है आदिवासियों को हमारे गांव घर से बेदखल करने का साजिश रची जा रही है, आज आदिवासियों को जो आहर्ता हैं उसे मिटाने की कोशिश की जा रही है। बड़े जाति के लोग जमीन कब्जा करने लगे हैं। आदिवासियों को तोड़ने के लिये ईसाई समुदाय को मोहरा बनाया जा रहा है। झारखंड सहित, मणिपुर, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में आदिवासी है। आदिवासी हिन्दू ,बौद्ध ,जैन, ईसाई आदि धर्म के है। आज एचईसी ,टाटा जैसे बड़े कारखाना में कुछ ही कम प्रतिशत लोग कार्य करते हैं। अधिकतर बाहरी है। चाहिए झारखंड के आदिवासियों व मूल वासियों को काम मिलना चाहिए। पर गलत राजनीति हो रही हैं। महाभारत के अर्जुन की तरह हमे मछली नही वरन मछली के आंख पर नजर रखनी चाहिए। मौके पर सुदीप गुड़िया, बानो जिला परिषद बिरजो कंडुलना आदि लोगो नेअपने विचार व्यक्त किये कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित कंडुलना के नेतृत्व में सविधान की शपथ दिलाई गई। तथा राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन व यात्राआरंभ की गई। मानव श्रृंखला में खड़े विभिन्नं गांव के व्यक्तियों द्वारा आदिवासियों की धर्म, संस्कृति, जमीन की रक्षा के बैनर के साथ खड़े थे।शायद जिले में पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। युवा, बच्चे तथा वृद्ध भी मानव श्रृंखला में भाग लिया। लगभग 70 किलोमीटर की यह मानव श्रृंखला में हजारों व्यक्तियों ने भाग लिया।

## मानव श्रृंखला में शामिल हुए झापा युवा जिला अध्यक्ष

**कोलेबिरा।** आदिवासी संगठनों द्वारा कोलेबिरा से हुरदा तक मानव श्रृंखला बनाकर मणिपुर घटना का विरोध किया गया संगठन के लोगों ने करीब 70 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनायी गयी। सुबह 9 बजे से ही लोगों ने श्रृंखला बनाना शुरू कर दिया था कई राजनीतिक दल के नेता भी आदिवासी संगठन के विरोध का समर्थन किया आदिवासी संगठनों ने मानव श्रृंखला के जरिये एकजुटता का परिचय दिया।इधर इस मानव श्रृंखला में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विभव संदेश एक्का शामिल हुए उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संख्या 26 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गयी है।आने वाले समय में आदिवासियों की संख्या और कम हो जायेगी। यह चिंता का विषय है. अगर अब भी हम एकजुट नहीं होते हैं तो भविष्य में खुद इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। आज हर तरफ से आदिवासियों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है और आदिवासियों के ऊपर अत्याचार हो रही है लेकिन केंद्र में बैठी सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है धीरे-धीरे आदिवासियों का अत्याचार बढ़ता जा रहा है लेकिन आदिवासी सीधे-साधे और भोले भाले हैं जिसकी वजह से आवाज नहीं उठा पाते हैं इसलिए आप वक्त आ गया है कि अपनी हक अधिकार की आवाज के लिए सभी लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है ताकि आने वाले दिनों में आदिवासियों का शोषण करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। सिमडेगा जिले में आदिवासियों की हितों की रक्षा करने के लिए झारखंड पार्टी हमेशा खड़ी है और आने वाले दिनों में जल जंगल जमीन और आदिवासियों की अस्तित्व की पहचान और उनकी सभ्यता संस्कृति को बरकरार रखने के लिए हर संभव कार्य करेगी।

## बोलबा में वनदुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल वनदुर्गा समिति का पुनर्गठन किया गया । इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जहुरण सिंह द्वारा आय-ब्यय की जानकारी दिया गया ।जिसमें कुल आय 969689 रुपए तथा कुल ब्यय 936536 रुपए तथा बचत 33153 रुपए बताया गया । बैठक की अध्यक्षता संत उमाकान्त महाराज ने किया । अध्यक्ष जहुरण सिंह को सर्व सम्मति से पुनः एक बार बनाया गया वही सचिव पद के लिए जगरनाथ सिंह को बनाया गया कोषाध्यक्ष पद के लिए महेन्द्र सिंह को रखा गया उपाध्यक्ष कैलाश सिंह, शशि प्रसाद,कालो खलखो, श्यामसुंदर बड़ाईक, एतवा बड़ाईक, मुख्य संरक्षक उमाकान्त जी महाराज , ललन सिंह, सुशील श्रीवास्तव, प्रणव कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, अमरनाथ बामलिया, कृष्णा प्रसाद जायसवाल, प्रबंधक केशरी सिंह, हरिराम सिंह, कलिंदर सिंह, प्रधान पुजारी गजेंद्र सिंह, रूपलाल सिंह, भोंदा सिंह, मार्गदर्शक संजय मिश्रा, सक्रिय सदस्य रवि बड़ाईक, बिक्रम सिंह, राजू बड़ाईक, राजेश तेली, पाण्डु लोहरा, मनोज सिंह,जयराम सिंह,प्रमोद सिंह, इंद्रजीत बड़ाईक आदि को सदस्य बनाया गया बाबा उमाकान्त महाराज द्वारा आशीर्वाद दिया गया इस मौके पर भारी संख्या में उपस्थित थे ।

## सिमडेगा डीसी ने लगाया जनता दरबार



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने जनता दरबार का आयोजन कर आम जनों की समस्याओं से अवगत हुए। जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से जनता दरबार में आए लोगों ने उपायुक्त को बारी-बारी से अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच करते हुए समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त के जनता दरबार में राशन वितरण, आंगनबाड़ी सेविका चयन, रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता प्रदान करने, बकाया राशि भुगतान कराने एवं जमीन विवाद जैसे कई अन्य मामले से संबंधित आवेदन को संबंधित विभागों अग्रसारित करते हुए यथाशीघ्र निवारण करने का निर्देश दिया।

## खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षात्मक बैठक की।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, सिमडेगा के संचालन एवं रख-रखाव तथा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में एक अतिरिक्त द्वार का निर्माण संबंधी निर्देश दिये। प्रखण्ड-ठेठईटांगर, ग्राम जोराम में अवस्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में आवासीय फुटबॉल क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने से संबंधित यथाशीघ्र करवाई करने का निर्देश दिया। आवासीय हॉकी क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र, संत मेरीज बालक उच्च विद्यालय, सामटोली एवं आवासीय हॉकी कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, लचडागढ़, के प्रशिक्षुओं के सुविधाएँ हेतु केन्द्रों में विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अविलंब समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा : विभाग स्तरीय प्रश्न मंच में कैलाश राय के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया के भैया बहन विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 3 सितंबर को चतरा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जोरी में भाग लेने के लिए गए थे. जहां पर विज्ञान,वैदिक गणित, और संगणक विषय पर क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित थी. हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा और चतरा जिले की चयनित टीमों के बीच कांटे का संघर्ष था. जिसमें कैलाश राय के भैया बहनों ने विज्ञान प्रश्नमंच के तरुण वर्ग, बाल वर्ग और शिशु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया. वही वैदिक गणित में तरुण वर्ग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि शिशु और किशोर वर्ग द्वितीय स्थान पर रहा. वही संगणक में शिशु वर्ग के भैया वहन तृतीय स्थान पर रहे. आज सभी विजित भैया बहनों को वंदना स्थल पर मेडल और प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया. साथ ही प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए उन्हें मनोयोग से लगने के लिए प्रेरित किया गया. भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि हमारे भैया बहनों के अथक प्रयास का परिणाम साक्षात दिख रहा है, साथ ही जिन आचार्य बंधुओ ने इनके पीछे कठिन परिश्रम किया है उनके परिश्रम स्पष्ट झलकने लगा है.

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने दिया एक दिवसीय धरना



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस द्वारा महंगाई को लेकर सोमवार को कचहरी के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन के मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के द्वारा कार्यक्रम की अगवाई की गई वहीं कार्यक्रम का संचालन शिशिर मिंज के द्वारा किया गया। बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, जोनसन मिंज, अजित लकड़ा,समरोम पॉल टोपनो ,जोसीमा खाखा , शांतिबाला केरकेट्टा , फ्रांसीस बिलुंग, मो अमजद खान,एवम बर्थलोमी तिर्की ने सम्बोधित किया एवम जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के पहले लूट फिर छूट जैसे लोकलुभावन कार्य से जनता खुश नही है ,जनता सब समझ रही है कि 9 साल 5 महीने सरकर ने सिर्फ अपने लोगो का जेब भरने का कार्य किया है अब जब देश के पाँच राज्यो में चनाव आ रहा है तो मोदी जी गैस के सिलेंडरों से मात्र 200 रुपिया कम कर के जनता पर अहसान नही कर रहे है । जनता को हर महीने लगभग 800 रुपिया सिर्फ गैस के नाम पर लूटा गया है ठीक वैसे ही स्कूली बच्चों के कॉपी किताब, पेंसिल ,दुध दही को जीएसटी के दायरे में ला कर महगाई को आसमान तक पहुचाने का कार्य किया है । अगर मोदी जी को महगाई को कम करने में विश्वास रखते तो सबसे पहले पेट्रोल डीजल जैसे चीजो को जीएसटी के दायरे में लाकर लोगो को महगाई से राहत मिल सकती थी बढ़ती कीमत के कारण किसानों को महंगी बीज , महंगा खाद महंगा कीटनाशक लेना पड़ रहा है ।जनता जान रही है और निश्चित ही इंडिया गठबंधन को आने वाले 5 राज्यो की चुनाव के साथ लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ विजय बनाने वाली है इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नोमिता बा, बिससूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, कौशल किशोर रोहिल्ला ,सिल्वेस्टर बघवार,मुन्स खेस, विनय तिग्गा, तारशिला खड़िया, सोनू नायक,जौन पीटर बागे, शीला देवी आदि उपस्थित थे।

## जिला परिषद से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ऋतुराज की अध्यक्षता में बैठक कर जिला परिषद से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी. योजनाओं के काम में तेजी लाने को लेकर बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये. डीडीसी ने भूमि विवाद के कारण लंबित योजनाओं की रिपोर्ट संबंधित सहायक अभियंता व कनीय अभियंता को देने को कहा. साथ ही सभी संवेदकों को कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया. बैठक में 15वें वित्त आबद्ध एवं अनाबद्ध निधि (बॉन्ड व नॉन बॉन्ड फंड) अंतर्गत उपलब्ध आवंटन के तहत योजनाओं की स्वीकृति देने और अविलंब टेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया.

## भाजपा ने चलाया मेरी माटी मेरा देश अभियान, शहीद को किया नमन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेरी माटी-मेरा देश के तहत राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है।जिसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जा कर अमृत कलश में मिट्टी संग्रह करेंगे। इसी निमित्त कोलेबिरा प्रखंड के गोबरधासा में सैनिक वीर शहिद किरण सुरीन के घर जा कर भाजपा कार्यकताओं ने शहीद के पिता से अमृत कलश में मिट्टी लिया एवं उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।गौरतलब है कि मिट्टी संग्रह कर स्वयंसेवको द्वारा अमृत कलश को दिल्ली ले जाया जाएगा जहां कर्तव्य पथ पर शहीदों की स्मरण में बनने वाली अमृत वाटिका में मिट्टी को उपयोग में लाया जाएगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भोला साहू मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार मंडल अध्यक्ष विजय महतो दिलेश्वर सिंह चिंतामणि कुमार भोला प्रसाद मुकेश श्रीवास्तव रवि गुप्ता मौजूद थे।



## पूर्व मंत्री ने किया कांग्रेस-भाजपा पर जमकर हमला

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा लोगो के बीच नफरत फैलाकर राजनीति रोटी सेक रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों किसी विशेष धर्म के लिए खुद को रहनुमा बताती है। झारखंड पार्टी क्षेत्र में सदभावना लाना चाहती है। सदभावना के लिए जिले में सदभावना रैली निकाली जाएगी। धर्म के नाम पर लोगों को बटने नहीं दिया जाएगा। पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पंडरीपानी टापूडेगा में आयोजित कार्यक्रम में एनोस एक्का ने कांग्रेस और भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी जनता की समस्या से कुछ मतलब नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोलेबिरा विधायक आदिवासियों और इसाईयों के नाम पर राजनीति कर रहे है। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त भाजपा और कांग्रेस धर्म के नाम पर भेदभाव को माहौल बनाकर वोट लेने का काम करती है। लेकिन झारखंड पार्टी क्षेत्र में अमन और शांति का वातावरण चाहती है। कार्यकर्ता सम्मेलन को संदेश एक्का, जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकु, मतियस बागे, ओम प्रकाश अग्रवाल,ललित समद,महेंद्र जमुदा,बिरसा मांझी, नमजन होरो सहित कई नेताओं ने भी संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए पार्टी की सोच को साझा किया। कार्यक्रम में मंच संचालन ओलिवर लकड़ा और धन्यवाद ज्ञापन बदरुददीन अहमद ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में वर्ष 2024 में राज्य के सभी 81 सीटों में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में कई लोगो ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। सभी लोगों का माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। सम्मेलन में हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।




## कोडरमाः खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में आत्मा द्वारा संचालित सभी योजनाओं का विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया. जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह के द्वारा किसानों को अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण, जिला स्तरीय प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, अंतर्राज्यीय परिभ्रमण, कृषक अभिरूची समूह, कृषक पाठशाला आदि के बारे में विस्तार से बताया गया. जिला स्तरीय कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष किसुन सुण्डी द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया, जिसपर उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने किसानों को विभिन्न फसलों के खेतों करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने के साथ साथ अलग अलग जगहों पर किसानों को खेती के तरीके को सीखने के लिए परिभ्रमण कराने की भी बात कही. उन्होंने सहजन की खेती करने को लेकर स्थल चिन्हित करने को कहा, उन्होंने कहा कि किसानों को ऐसे खेती करायें जो भविष्य में जाकर बेहतर आय का स्रोत बने. उन्होंने खकसा, परवल की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया. उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को बेहतर व उन्नत बीज दें ताकि किसान अच्छे से खेती कर सके. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत तेलहन एवं दलहन का वार्षिक कार्य योजना का बिंदुवार चर्चा करते हुए सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया.

**जनता परेशान** | गैस सिलेंडर पर 200 रुपए की छूट को बताया चुनावी रिश्वत

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी सह सांसद केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना दिया. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के संयुक्त निर्देश पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. लूट- अब छूट रसोई गैस के दाम में 200 रुपए की कटौती एक चुनावी स्टंट के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया. उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह कोडरमा जिला कांग्रेस प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही. धरना कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कांग्रेस प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी ने केंद्र सरकार के जन विरोधी नीति के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने रसोई गैस का दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है. वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल डीजल के दाम कम थे और वर्तमान में मोदी सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमत लगभग दुगनी हो गई है. 2013 से 2022 तक वस्तुओं के दाम दोगुनी हो गए. झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव नारायण बरनवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गई है कि प्यास से गला सूख जाए फिर भी दो बूंद पानी पिलाकर कहो कि सबको पानी मिल गया है एवं प्यास से राहत मिल गई है.



NEWS इन ब्रीफ

### जेयू रजिस्ट्रार को धमकी भरा पत्र भेजने वाला प्रोफेसर गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने सोमवार को बताया कि जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के रजिस्ट्रार स्नेहोमोनजू बसु को धमकी भरा पत्र भेजने के आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पत्र में 10 अगस्त को रैगिंग से फ्रेशर की मौत के मामले में मुख्य आरोपी सौरव चौधरी को किसी तरह का नुकसान होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कूच बिहार जिले के एबीएन सील कॉलेज में इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर राणा रॉय के रूप में हुई है। आरोपी प्रोफेसर इस साल अप्रैल के अंत से चिकित्सा अवकाश पर था।
विशेष सूचना मिलने पर कोलकाता पुलिस के जवान रविवार शाम को भुवनेश्वर पहुंचे और राणा रॉय को एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। नगर पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 2019 में छेड़छाड़ का पूर्व मामला दर्ज था। वह फरार हो गया, उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन, कोलकाता की एक निचली अदालत ने राणा रॉय को जमानत पर रिहा कर दिया था।
राणा रॉय पर पश्चिम बंगाल सिविल सेवा अधिकारी (डब्ल्यूबीसीएस) के रूप में झूठा दावा करने का भी आरोप लगाया गया है। राणा रॉय को भुवनेश्वर से ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता वापस लाया जा रहा है। यदि संभव हुआ तो उसे बाद में निचली अदालत में पेश किया जाएगा। दरअसल, जेयू रजिस्ट्रार को 1 सितंबर को धमकी भरा पत्र मिला था। इसके अगले दिन उन्होंने जादवपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

### जहरीली शराब पीने से तीन की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** जांजगीर जिला के अकलतरा थानांतर्गत जहरीली शराब पीने से दो सगे भाई सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा बरसाही की है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच शव पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बांधा बरसाही में रहने वाले दो भाई और उसके एक रिश्तेदार ने गांव के पास से शराब खरीदकर सेवन किया था। शराब सेवन के बाद दोनों भाई और उनका रिश्तेदार घर पहुंचे थे, इसी दौरान उनकी तबियत बिगड़ने लगी। लोग कुछ समझ पाते इतने में दोनों भाईयों की घर पर ही मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से पीड़ित तीसरे शख्स को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में एक बार फिर जहरीली शराब से तीनों ग्रामीणों की मौत का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर अकलतरा थाना से पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अकलतरा थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### तीन मंजिला मकान गिरा, दो की मौत, 10 घायल

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सोमवार की सुबह तीन मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। मलवे में 15 लोग दब गए। दो लोगों की मौत हो गई। आठ लोगों का इलाज लखनऊ के केजीएमयू और दो का इलाज सीएचसी फतेहपुर में चल रहा है। मलवे में तीन लोगों को बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू कर रही हैं।पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि फतेहपुर कस्बे के मोहल्ला काजीपुर वार्ड दो में रहने वाले हाशिम का तीन मंजिला मकान सोमवार की सुबह ढह गया। सूचना पाकर एसपी, सीडीओ एकता सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी की मौजूदगी में पुलिस, एसडीआरएफ–एनडीआरएफ ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। मलबे से अभी तक 12 लोगों को निकाला गया है।

# माफिया नहीं, गरीबों के प्रति है सरकार की संवेदना: सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रदेश सरकार की मंशा साफ है। हमारी मंशा व संवेदनाएं गरीब, निराश्रित, वंचित, दलित और अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ है। पिछली सरकारों से विपरीत, हमारी संवेदनाएं माफिया और किसी अपराधी के साथ नहीं हो सकती हैं क्योंकि वह सुरक्षा, सुशासन और विकास के मार्ग के बैरियर हैं। सरकार की कार्यप्रणाली स्पष्ट है, वह इन बैरियर्स को हटाती है मगर गरीबों को अपनी संवेदना का पात्र बनाती है। गरीबों की सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह बातें कहीं।
लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए



सीएम योगी आदित्यनाथ स्पष्ट कर दिया कि माफिया व अपराध तंत्र पर नकेल कसने, भ्रष्टाचार मुक्त सुरक्षित व निष्पक्ष समाज की स्थापना पर प्रदेश सरकार का फोकस है जिससे गरीबों को बिना किसी भेदभाव के उनका हक और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। मिशन रोजगार के अंतर्गत मानव संपदा पोर्टल से अल्पसंख्यक व प्राविधिक शिक्षा में 240 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम योगी के प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के जरिए शासकीय सेवाओं के अतंर्गत निष्पक्ष व मानव हस्तक्षेप रहित प्रक्रिया अपनाकर नियुक्ति दी जा रही है। पिछले 6 वर्षों में मोदी के विजन के अंतर्गत प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर 6 महीने में हमने कर दिखाया। 60 जनपदों से अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। अब एक क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को मंच मिल रहा है। प्रदेश सरकार की हर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। कौन कहां नियुक्त होकर जाएगा, यह न किसी मंत्री और न ही किसी सचिव को पता होता है। सीएम योगी ने कहा कि कंप्यूटर सहायकों की भी एक बड़ी भूमिका होती है। आज लोगों की धारणाएं उत्तर प्रदेश के लिए बदली हैं। फाइलें अब लटकती नहीं हैं। आज प्रदेश ने सुरक्षा और ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्यों को प्राप्त किया है। केंद्र की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। अब तीन दिन में फाइल फाइनल होनी चाहिए। अपने सीनियर्स से कंसल्ट करें, पेंडेसी नहीं करें क्योंकि पेंडेंसी भ्रष्टाचार से जोड़ता है। आज जब भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया तब आप जैसे प्रतिभाशाली लोगों को स्थान मिल पाया है, अन्यथा 2017 के पहले यह सपना था। इससे पहले एक नियुक्ति के पीछे उच्च पदस्थ नियुक्ति में लग जाते थे।


### बेतिया में भाजपा नेता की चाकू मारकर हत्या

**पटना।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को भाजपा के नेता सोनू कुमार की चाकू गोदकर हत्या कर दी। इस हमले में उनके मित्र भी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, भाजपा के नेता सोनू कुमार (30) अन्य दिनों की तरह सुबह अपने एक मित्र सुजीत कुमार के साथ टहलने निकले थे कि घर के कुछ ही दूरी के पास गोडवा टोला में अज्ञात अपराधियों ने दोनों लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान सोनू कुमार ने दम तोड़ दिया। मृतक सोनू भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष थे। बताता जाता है कि घायल सुजीत का इलाज फिलहाल चल रहा है। इधर, मुफस्सिल थाना के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# राज्यपाल ने 16 विवि में की अस्थायी वीसी की नियुक्ति

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सी.वी. आनंद बोस ने राज्य में कुलपति विहीन 16 विश्वविद्यालयों में अस्थायी कुलपतियों की नियुक्ति की है। हाल ही में राज्यपाल ने घोषणा की थी कि जरूरत पड़ने पर वह राज्य के इन विश्वविद्यालयों में कुलपति की भूमिका निभाएंगे। इस बीच राजभवन की ओर से सोमवार को जानकारी दी गई है कि इन विश्वविद्यालयों में नये अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की जा रही है। दरअसल, प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी, बर्दवान यूनिवर्सिटी समेत राज्य के 16 विश्वविद्यालयों में कुलपति नहीं होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपतियों ने कहा कि कुलपतियों की विभिन्न समस्याओं से वास्तव में छात्र परेशान हैं। उन्हें डिग्री, सर्टिफिकेट लेने में दिक्कत हो रही है। प्रशासनिक कार्यों में भी दिक्कतें आती हैं। समाधान के तौर पर 31 अगस्त को राजभवन ने घोषणा की कि आपातकालीन स्थिति में राज्य



के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति और राज्यपाल फिलहाल बिना कुलपति वाले विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसके बाद राज्यपाल ने राज्य के सभी 16 कुलपति विहीन विश्वविद्यालयों में अस्थायी कुलपतियों की नियुक्ति कर दी है। इसमें से रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय के अस्थायी कुलपति और पूर्व न्यायाधीश शुभ्रोकोमल मुखर्जी को प्रेसीडेंसी विवि के कुलपति के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। दूसरे शब्दों में, वह एक साथ दो विश्वविद्यालयों के अस्थायी कुलपति के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा राज कुमार कोठारी को पश्चिम बंगाल राज्य विवि का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# नक्सल ग्रस्त क्षेत्र के दो शिक्षक होंगे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**

जिले के नक्सल प्रभावित इलाके में अपनी सेवा दे रहे दो शिक्षक उषा भुआर्य और खेमलाल सिन्हा को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के लिए चयन किया गया है। उषा भुआर्य वर्तमान में बूथपदर उच्च प्राथमिक शाला में पदस्थ हैं। इससे पहले गुमडा प्राथमिक शाला में 2009 से 2022 तक पदस्थ रहीं, 22 बच्चों वाले स्कूल का संचालन महिला शिक्षिका अकेले ही करती रही हैं। कोरोनाकाल में भी शिक्षिका ने स्कूल नहीं छोड़ा और बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखा था। स्कूल को जिलास्तर पर कई पुरस्कार मिल



चुके हैं। शिक्षक खेमलाल विषम परिस्थितियों में भी मोखपाल जैसे नक्सल क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते आ रहे हैं। खासकर कोरोना काल में शिक्षक का विशेष योगदान रहा है। मोहल्ला क्लास का लगातार यहां संचालन होता रहा, जिसके लिए शिक्षक को जिलास्तर पर पुरस्कृत भी किया था। मोखपाल नाकापारा स्कूल को वर्ष 2018 में बेस्ट स्कूल का पुरस्कार भी मिल चुका है। स्कूल को स्वच्छता के लिए भी 2006 प्रशस्ति पत्र मिल चुका है। मोखपाल स्कूल कबाड़ से जुगाड़ में भी स्कूल जिले में प्रथम आ चुका है। मोखपाल प्राथमिक शाला का दौरा कर चुके शिक्षा सचिव आलोक शुक्ला भी शिक्षक खेमलाल की प्रशंसा कर चुके हैं।

# देश से सनातन धर्म को खत्म करने के बयान पर जवाब दे महागठबंधन: सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सोमवार को सनातन धर्म पर विवादित बयान देने वाले द्रमुक नेता उदय निधि स्टालिन के बयान पर जदयू, राजद और कांग्रेस से सवाल किया है। सम्राट चौधरी ने एक कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश से सनातन धर्म को खत्म करने की साजिश है। सनातन धर्म को खत्म करने वाला उदयनिधि का बयान आया है और इस पर राहुल गांधी , लालू यादव और घमंडिया गठबंधन को बताना चाहिए कि उनसे सहमत हैं या नहीं। जातीय गणना की रिपोर्ट



पर जदयू को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने नीतीश सरकार पर रिपोर्ट दबाकर बैठने का आरोप लगाया और कहा जदयू प्रोपगेंडा फैला रही है। नीतीश कुमार बताएं कि कब जातीय गणना की रिपोर्ट जारी होगी। सवर्ण आयोग, अति पिछड़ा आयोग की रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं हुई। बिहार में इन लोगों की तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलने वाली है।उन्होंने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट नीतीश कुमार दबा कर बैठे हैं। वह रिपोर्ट जल्द जारी करें।
सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव का पॉलिटिकल काम खाना बनाना और नाच देखना ही है।लालू यादव ने पिछड़े और दलित को लूटा है। उन्होंने कहा कि जदयू और राजद ब्लैक मेल की राजनीति करते हैं। इसलिए जदयू ने लालू यादव से समझौता किया है कि वे मुकदमा वापस करा देंगे। इसी शर्त पर लालू यादव से जदयू ने समझौता किया है। उन्होंने कहा कि यह हर कोई जानता है कि लालू यादव को जदयू के नेता ही फंसाते रहे हैं।

# 'मैं ही जीतूंगा' हर कार्यकर्ता को लेना होगा इस मंत्र का संकल्प: नरोत्तम

**एजेंसी। सतना**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विंध्य क्षेत्र में निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा सोमवार को सतना से रवाना हुई। इससे पूर्व यात्रा में शामिल प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद गणेश सिंह एवं पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कार्यकताओं की बैठक ली। इस दौरान गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि हम उस पार्टी के सदस्य हैं, जो देवतुल्य संगठित



कार्यकर्ताओं का संगठन है। हमारी पार्टी राष्ट्र प्रेम की विचारधारा पर चलती है और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। पार्टी की कोशिश है कि हर वर्ग और हर समुदाय को उनका अधिकार मिले, उन्हें उचित सम्मान मिले, ताकि राष्ट्र के विकास में वे अपना बेहतर योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में हमें, मैं जीतूंगा की सोच दिमाग से निकाल देना है। इसकी बजाय हमें यह संकल्प लेकर आगे बढ़ना है कि मैं ही जीतूंगा।

# गांवों के विकास के बिना प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खण्ड विकास अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस कार्यशाला में प्रदेश के समस्त विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी शिरकत कर रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों के विकास के बिना प्रदेश व देश का विकास संभव नहीं है। जब गांव का सर्वांगीण विकास हो जाता है तब विकास की पूर्णता होती है। आज भी अधिकांश आबादी गांव में रहती है। गांव के लिए हमारे पास



योजनाएं भी हैं। अपेक्षाएं भी हैं उसे पूरा करने वाले आप सब यहां बैठे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बनाने का जो लक्ष्य है। गांवों को अगर हम विकसित नहीं करेंगे तो वह स्वप्न साकार नहीं हो पायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगानी है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, भ्रष्टाचार मुक्त जिला, भ्रष्टाचार मुक्त ब्लाक व भ्रष्टाचार मुक्त गांव होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अब स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज की चर्चा हो रही है। इसलिए हर ब्लाक से कम से कम 10 ग्राम सभाओं को चयनित कर जो विकास में पीछे छूट गयी हैं उनको विकास की मुख्यधारा में लाने का संकल्प लेकर जायें।
उप मुख्यमंत्री ने खण्ड विकास अधिकारियों से अपील की है कि वह गांवों को आदर्श स्वरूप प्रदान करें। अमृत सरोवर जो आपकी उपलब्धि है उसे सुन्दर व आकर्षक बनायें उस पर अमृत वाटिका लगवायें। विलुप्त नदियां व नालों को मनरेगा के माध्यम से पुनर्जीवित कराएं। उन्होंने कहा कि 2025 के कुंभ में 50 करोड़ लोग प्रयाग आयेंगे । यह हमारे लिए गर्व की बात है। आज उत्तर उत्तर प्रदेश में कई तीर्थस्थल हैं उनका बडे पैमाने पर विकास हुआ।

**राजनीति**

## घोसी उपचुनाव- भाजपा और सपा ने झोंकी पूरी ताकत

# लोस चुनाव से पहले सत्ता पक्ष, विपक्ष की परीक्षा आज

**एजेंसी। मऊ**

किसी भी कार्य को सुचितापूर्वक सफल बनाने के लिए उसमें शामिल हर व्यक्ति का ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य को निभाने की ज़िम्मेदारी होती है। अगर सामूहिक कार्य में शामिल एक भी व्यक्ति, चाहे वह कोई हो, अपने कर्तव्य धर्म से विमुख हुआ उसकी ईमानदारी पर प्रश्न चिन्ह लगना तय है और भले ही उसे अपने अधिकार, कर्तव्य, धर्म, ईमानदारी, संस्कार से पथभ्रमित होने का बोध न हो, लेकिन उस व्यक्ति पर उंगली हर जनमानस के द्वारा उठना लाज़िमी है। इसलिए लोकतंत्र के महापर्व में अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। 05 सितंबर को शिक्षक दिवस है और इस पुनीत अवसर पर घोसी की जनता को अपने लिए एक अदद विधायक (जन प्रतिनिधि) चुनने का मौका मिला है। लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रदेश के सदन में घोसी का प्रतिनिधित्व करने के लिए कई दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में



मतदान की तारीख भी निर्वाचन आयोग द्वारा शिक्षक दिवस के पुनीत अवसर पर है। वैसे तो घोसी से विधायक बनने के लिए कई दिग्गज मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला में भाजपा के दारा सिंह चौहान व समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह ही शामिल है। दोनों उम्मीदवारों के बीच काँटे की टक्कर है। घोसी के राजनैतिक इतिहास में जनता के बीच प्रचार-प्रसार में हो चुका है ऐतिहासिक रस्सा-कस्सी। जहां सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, वहीं सपा भी बिन सत्ता के मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। कुछ अन्य उम्मीदवारों में राष्ट्रीय आम जनता पार्टी से राजकुमार चौहान, निर्दल रमेश पांडेय, पीस पार्टी के प्रत्याशी भी बड़े दल वालों का मिजाज थोड़ा थोड़ा गड़बड़ा रहे हैं। कई दिनों से घोसी के गाँव-गाँव से लेकर शहर के चट्टी चौराहों के बीच बड़े नेताओं, जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा था। लेकिन रविवार को शाम 5 बजे से प्रचार-प्रसार बंद होते ही बड़े नेता चुनाव क्षेत्र घोसी को छोड़कर अपने-अपने ठिकाने को चले गए। अब जो भी ज़िम्मेदारी शेष है वह स्थानीय नेताओं की है।
घोसी में सपा-भाजपा के बीच अपने अपने प्रत्याशी को लेकर नूरा कुश्ती का जो खेल जारी था अब वह पूरी तरीके से जनता के बीच में मौन है, क्योंकि बड़े नेता अब घोसी विधानसभा की सीमा क्षेत्र से बाहर जा चुके हैं। ऐसे में जन प्रतिनिधि कौन चुना जाएगा यह तो कोई नहीं जानता, लेकिन नेताओं के समर्थक वोटर के अलावा मूल वोटर मौन हैं! घोसी की चुनावी महासमर में कौन विधायक होगा, जनता किसे अपने जन प्रतिनिधि के रूप में चुनना चाहती है, यह कल पाँच सितंबर को मतदान के अंतिम समय तक एक-एक वोट से तय होगा, और 08 सितंबर को मतगणना के दिन पता चलेगा।लोकतंत्र के इस महापर्व में केवल नेता का ईमानदार होना ही जरूरी नहीं है, इसमें हर एक व्यक्ति का, जो चुनाव सम्पन्न कराने में किसी न किसी रूप में शामिल है, उसका ईमानदार होना और अपने कर्तव्य के प्रति ज़िम्मेदार होना जरूरी है। इस महापर्व में नेता के अलावा वोटर, सत्ता, विपक्ष, प्रशासन व पत्रकार के ईमानदारी की भी परीक्षा है। वर्तमान में हम सभी निर्वाचन आयोग के नियमों से बँधे हैं तो हमें भी ईमानदार होना होगा। हम इस आहूति में जिस रुप और जिस पद से शामिल है, हमें अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाना होगा। केवल नेता से उम्मीद करना बेमानी है।लोकतंत्र की हर महापर्व में चुनाव के समय हम देखते हैं कि युवा ही नहीं बुजुर्ग और महिलाएँ भी फजी तरीके से वोट देने के लिए लाइन में लगे रहते हैं, वह सिर्फ. उस नेता व पार्टी के एक समर्थक हो सकते हैं लेकिन सार्वजनिक जगहों पर दूसरे के लिए फजी वोट देते समय जब पुलिस प्रशासन द्वारा उस फजी वोटर का लाठी से पूजन किया जाता है, उससे उसे क्या मिलता है, जनप्रतिनिधि बनेंगे वे माननीय कहलाएँगे वे, सार्वजनिक जगहों पर बेइज्जत होंगे फजी वोटर, थाने जाएँगे फजी वोटर। इस काम से हर उस शख़्स को बचना चाहिए। घोसी विधानसभा की जनता उपचुनाव में मतदान देने जरूर जाए, अगर प्रत्याशी पसंद नहीं है तो नोटा का बटन दबाएं, और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अमूल्य वोट जरूर दें। मतदान से लेकर मतगणना तक अफवाह से दूर रहे, सोशल मीडिया पर भी कुछ भी शेयर करने से पहले उसकी गहनता से जाँच करें।

### दुष्कर्म की कोशिश, छेड़छाड़ और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के बिलारी सर्किल क्षेत्र स्थित थाना सोनकपुर पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म की कोशिश, छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपित थाना क्षेत्र के गांव रामपुर धरहरा निवासी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया। थाना सोनकपुर क्षेत्र निवासी किसान ने रविवार को थाना पुलिस को तहरीर में बताया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी शनिवार को बाजार से घर का सामान लेकर वापिस आ रही थी। रास्ते में गांव के निवासी आरोपित युवक विक्रम ने उसे अकेला पाकर दबोच लिया फिर उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने लगा। इसके बाद आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान मौके पर आस-पास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपित वहां से भाग गया। इसके बाद घर पहुंच कर पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद पीड़ित के पिता ने थाना सोनकपुर में आरोपित युवक विक्रम के खिलाफ शनिवार को नामजद तहरीर दी थी।

